आइआइएम के बिजनेस फेस्ट में देशभर के 700 स्टूडेंट्स दिखा रहे हैं टैलेंट

एगॉन 5.0 में आइआइएम रांची का दबदबा

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

आइआइएम रांची में चल रहे बिजनेस मैनेजमेंट फेस्ट एगॉन 5.0 के दूसरे दिन (रविवार) 12 इवेंट हुए. देशभर के मैनजमेंट कॉलेजों से पहुंचे विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा दिखायी. क्रिकेट मंदी और द अल्टीमेट बैटेल का संचालन कंसल्टिंग क्लब, वोरस्टैंड और द फाइनल स्टिंट का संचालन एचआर क्लब ने किया. सिस्टेमेटिक इंटरप्रेन्योरशिप का संचालन इ-सेल, मरकेक्टस का फिनांस क्लब, इग्निस का लिटरेगी क्लब, स्क्विज का संचालन समर्पण, द बीर गेम और बिजसिम का संक्या, एगोरा और लाभ बिकता है का संचालन मार्केटिंग क्लब ने किया. इसमें आइआइएम रांची की टीम ने बेहतर प्रदर्शन किया और पुरस्कार जीते.

आइआइएम रांची में आयोजित एगॉन में प्रमाण पत्र हासिल करती विजेता टीम.

टीम रांची ने रुपये जोड़े

समापन पर विजेताओं की घोषणा की गयी. सिस्टेमेटिक इंटरप्रेन्योर प्रतियोगिता के विजेता सरदार पटेल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मुंबई के विद्यार्थी रहे. उपविजेता आइआइएम रांची की टीम एम-यूरेका रही. वोरस्टैंड 6.0 के विजेता आइआइएम रांची के रांची रॉकर्स और उपविजेता इसी संस्थान के एम-चाइ लवर्स रहे. मरकेटस का खिताब भी आइआइएम रांची की टीम को मिला. क्रिकेट मंदी प्रतियोगिता में आइआइएम रांची की टीम एपेक्स प्रीडेटर और ट्राइलॉजी विजेता और उपविजेता चुनी गयी.

महिंद्रा वार रूम में आइआइएम रांची की तीन टीम

एगॉन 5.0 के दूसरे दिन महिंद्रा वार रूम सीजन 12 का संचालन किया गया. ब्लू टीयर राउंड के तहत वार रूम की थीम थी : डिजाइन को खारिज करना. इसमें मैनेजमेंट के विद्यार्थियों ने डिजाइन को खारिज करने के लिए 14 अलग-अलग विचार दिये. इनमें से आठ चिन्हित उपाय आइआइएम रांची की ओर से पेश किये गये. ब्लू टीयर राउंड में शामिल महिंद्रा राइज के जीएम स्ट्रेटेजी मंदार वर्तक, अनिशा सलुजा और हिमानी कुमार ने तीन का चयन किया. तीनों विचार आइआइएम रांची के विद्यार्थियों के थे. समापन पर आइआइएम रांची की टीम को महिंद्रा वार रूम के अगले राउंड सिल्वर टायर में शामिल कर लिया गया. मालूम हो कि एगॉन 5.0 में 700 प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं.

Prabhat Khabar, 30.09.2019, Pg. 19